## घटना में एक व्यक्ति घायल, अस्पताल में भर्ती

# थोड़ी सी हवा में गिरा भारी भरकम होर्डिंग्स

*** किसकी निगरानी में लगे हैं नगर के होर्डिंग्स।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला





नगर में जो बड़े-बड़े होर्डिंग्स आपको लगे नजर आते हैं जिनमें बहुत ही आकर्षक एवं लुभावने विज्ञापन छपे होते हैं इनको क्या सुरक्षा मानकों को दृष्टिगत रखते हुये लगाया गया है तो जबाव मिलेगा ऐसा नहीं है। समय-समय पर प्रतिकूल मौसम के चलते इन होर्डिंग्स से घटना-दुर्घटनायें होती रही हैं और तो और स्थानीय प्रशासन के पास तो आंकड़े भी नहीं है कि नगर में और नगर से लगी ग्राम पंचायतों में कितने होर्डिंग्स लगे हुये हैं और वे किसके आधीन हैं।

जो होर्डिंग्स लगे हैं उनमें से कितने वैध हैं और कितने अवैध इससे भी संबंधित कोई आंकड़ा जिला प्रशासन के पास मौजूद नहीं है होर्डिंग्स वैध है अथवा अवैध इसके मापदण्ड क्या हैं इसकी भी कोई गाईड लाईन सार्वजनिक नहीं की गई है। इन होर्डिंग्स में जिन प्रतिष्ठानों एवं जिन कंपनियों के विज्ञापन छपे होते हैं उनसे तो भारी भरकम राशि प्रति माह ली जाती है लेकिन शासन को कितना राजस्व इनसे मिलता है यह स्पष्ट नहीं है और न ही कोई बताने वाला है।


जिसका जहां मन आता लग जाते हैं होर्डिंग्स, फ्लेक्स

फ्लेक्स, होर्डिंग्स के लिये क्या नियमावली

सर्किट हाऊस के पास रपटा जाने वाले मार्ग में कुछ समय पूर्व कुछ होर्डिंग्स को अवैध करार दे दिया गया था और उससे संबंधित सूचना भी संबंधित होर्डिंग्स में चस्पा कर दी गई थी लेकिन अब देखा जा रहा है कि इन होर्डिंग्स में भी विज्ञापन बाकायदा चल रहे हैं ऐसे ही नेहरू स्मारक में जो होर्डिंग्स लगे थे वे वैध थे और वर्षो से उनके माध्यम से विज्ञापन किया जा रहा था अचानक से कुछ माह पूर्व इन होर्डिंग्स को अवैध बताते हुये इन्हें यहां से हटा दिया गया।

नगर के प्रमुख चौराहों में जो बड़े-बड़े भवनों के ऊपर बड़े-बड़े होर्डिंग्स लगे हैं क्या वे सुरक्षित हैं यदि कभी प्रतिकूल मौसम के चलते इनसे कोई दुर्घटना घटित होती है तो फिर इसका जिम्मेदार किसे ठहराया जायेगा।

### कमानिया के पास गिरा एक बड़ा होर्डिंग्स

शहर के व्यस्ततम क्षेत्र उदय चौक में मंगलवार दोपहर एक बड़ा हादसा हो गया। यहां लगी एक कथित अवैध 20×30 फीट की विशाल फ्लेक्स होर्डिंग अचानक भरभराकर गिर गई, जिसकी चपेट में आने से एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान जगदीश केवट के रूप में हुई है, जिन्हें तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार जारी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार घटना कल दोपहर लगभग 1:30 से 2:00 बजे के बीच हुई। तेज आवाज के साथ गिरी भारी-भरकम होर्डिंग सीधे जगदीश केवट के ऊपर आ गिरी, जिससे उनके सिर में गंभीर चोट आई। चिकित्सकों के अनुसार उनके सिर में करीब 12 से 16 टांके लगाए गए हैं। फिलहाल उन्हें जिला अस्पताल के वार्ड क्रमांक 38 में भर्ती कर उपचार दिया जा रहा है।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि शहर में लंबे समय से बिना वैधानिक अनुमति के बड़े-बड़े होर्डिंग लगाए जा रहे हैं। जिस स्थान पर यह हादसा हुआ, वहां लगभग 7 करोड़ रुपये की लागत से पार्किंग निर्माण कार्य चल रहा है और उसी के समीप स्थित दीवार के ऊपर यह भारी-भरकम होर्डिंग खड़ी की गई थी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक करीब 2 से 3 क्विंटल वजनी इस होर्डिंग को पर्याप्त तकनीकी सुरक्षा और मजबूत सपोर्ट के बिना खड़ा कर दिया गया था। ऐसे में मामूली दबाव या हवा के झोंके के कारण भी हादसे की आशंका बनी हुई थी। घटना के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और लोगों में भारी आक्रोश देखने को मिला।

सबसे चिंताजनक पहलू यह रहा कि घटना के कई घंटे बाद तक भी कोई जिम्मेदार अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा।



# 80 मीटर नाली बनाने में लगे 441 दिन



*** मण्डला जनपद की ग्राम पंचायत तिलईपानी का मामला**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

एक और जहां पूरे देश बड़े-बड़े एक्सप्रेस-वे, बड़े-बड़े एयरपोर्ट, बबड़े-बड़े रेल्वे स्टेशन, बड़े-बड़े भवन यहां तक कि ऐतिहासिक संसद भवन भी तय समय-सीमा में बन जाता है तो वहीं हमारे जिले की तो बात ही कुछ और है हमारे जिले में निर्माण कार्य शुरू होने की तो तारीख होती है लेकिन निर्माण कार्य पूरा कब होगा इसकी कोई गारंटी नहीं होती।

पूरे देश में जहां स्वच्छता अभियान पूरे जोर-शोर से जारी है और घरों के सामने गंदगी न हो इसके लिये नाली होना आवश्यक होता है और जब नाली निर्माण में ही लापरवाही की जा रही हो तो फिर कैसें स्वच्छता अभियान प्रगति कर सकेगा। मण्डला जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत तिलईपानी में स्वच्छता अभियान को लेकर भी 80 मीटर नाली निर्माण कार्य स्वीकृत किया गया जिसकी लागत लगभग 3 लाख रूपये बताई जा रही है नाली निर्माण का कार्य 03 अप्रैल 2025 को प्रारंभ हुआ इस दिन जेसीबी मशीन के माध्यम से लोगों के घरों के सामने गड्ढे खोद दिये गये और फिर उसके बाद काम ही बंद कर दिया गया यहां तक कि इस काम के लिये आया लोहा, सीमेंट एवं रेत पड़े-पड़े खराब हो गई लेकिन निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हुआ महीनों यहां के ग्रामीण घर के सामने हुई खुदाई से परेशान रहे पूरी बरसात उन्होंने कैसें गुजारी होगी आप समझ सकते हैं बाद में जब ग्राम पंचायत किसी भी स्थिति में नाली निर्माण कार्य प्रारंभ करने तैयार नहीं हुआ तो फिर इस बात की शिकायत जनपद मण्डला, जिला पंचायत मण्डला और जिला कलेक्टर को की गई। शिकायत के बाद ही ग्राम पंचायत के जिम्मेदार हरकत में आये और नाली निर्माण का कार्य पुनः प्रारंभ किया।

11 जून 2026 से 18 जून 2026 तक निर्माण कार्य जारी रहा जिसमें लगभग 18 मजदूरों ने प्रतिदिन काम किया और चूंकि निर्माण कार्य पिछले काफी दिनों से रूका हुआ था लिहाजा सभी ग्रामवासियों की नजर इस निर्माण कार्य में थी तो उन्होंने यह भी देखा कि इस निर्माण कार्य में कितनी सामग्री खर्च हुई ग्रामीणों के अनुसार 80 मीटर लम्बी नाली में 3 ट्राली गिट्टी, 3 ट्राली रेत, 50 किलो लोहा एवं 55 बोरी सीमेंट का उपयोग किया गया अब देखना होगा कि मूल्यांकन में क्या निकलकर सामने आता है।

# नॉन-अटेंड सीएम हेल्पलाइन शिकायतों पर लगेगा जुर्माना

*** 1000 दिन पुराने प्रकरण 30 जून तक होंगे निराकृत।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला




कलेक्टर राहुल नामदेव धोटे ने जिला योजना भवन में आयोजित समय-सीमा एवं विभागीय समन्वय समिति की बैठक में विभिन्न विभागीय योजनाओं और कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। बैठक में सीएम हेल्पलाइन, जन कल्याण शिविर, रोजगार मेला, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई।

कलेक्टर श्री धोटे ने सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की समीक्षा करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि नॉन-अटेंड शिकायतों के लिए संबंधित जिला अधिकारियों पर नियमानुसार जुर्माना अधिरोपित किया जाए। उन्होंने कहा कि आगामी माह में कोई भी शिकायत नॉन-अटेंड श्रेणी में नहीं रहनी चाहिए। करंट मंथ के साथ-साथ 50 दिवस से अधिक लंबित शिकायतों का भी समानांतर रूप से निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने 1000 दिवस से अधिक समय से लंबित सभी शिकायतों को 30 जून तक अनिवार्य रूप से निराकृत करने तथा निम्न गुणवत्ता में बंद किए गए प्रकरणों को पुनः ओपन कर संतुष्टिपूर्वक निराकरण कराने के निर्देश दिए। सीएम हेल्पलाइन की मासिक रैंकिंग में ए-ग्रेड प्राप्त करने वाले विभागों को कलेक्टर ने बधाई देते हुए अन्य विभागों को भी बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया।

# कान्हा टाइगर रिजर्व के मुक्की क्वारंटाईन सेन्टर में उपचाररत बाघ की मृत्यु

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



कल मुक्की क्वारंटाईन सेन्टर में लंबे समय से उपचाररत एक वन्यजीव बाघ की मृत्यु हो गई है। उल्लेखनीय है कि उक्त बाघ को दिनांक 04.06.2026 को हाथी गश्ती के दौरान बीट किसली के कक्ष क्रमांक 777 (स्थान सन्दूक खोल) के पास अत्यंत अस्वस्थ अवस्था में देखा गया था। वरिष्ठ अधिकारियों के त्वरित निर्देशन में बाघ का सुरक्षित रेस्क्यू कर उसे गहन उपचार हेतु मुक्की क्वारंटाईन सेन्टर भेजा गया था। प्रारंभिक जांच में बाघ में केनाईन डिस्टेम्पर रोग से संबंधित लक्षण पाए गए थे। इसके बाद वन्यजीव स्वास्थ्य अधिकारी (कान्हा टाइगर रिजर्व, मण्डला), नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा एवं विज्ञान विश्वविद्यालय (SWFH) जबलपुर के विशेषज्ञ वन्यजीव चिकित्सकों तथा वाईल्डलाईफ कंजरवेशन ट्रस्ट (WCT) के वन्यजीव चिकित्सकों के संयुक्त दल द्वारा बाघ का सतत निरीक्षण और गहन उपचार किया जा रहा था। बाघ की जान बचाने के लिए देश के वरिष्ठ वन्यजीव चिकित्सकों एवं प्रतिष्ठित संस्थानों से भी विशेष तकनीकी सलाह व प्रयास किए गए, परंतु तमाम कोशिशों के बावजूद बाघ को बचाया नहीं जा सका। बाघ की मृत्यु की सूचना मिलने के उपरांत राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (NTCA) के निर्धारित प्रोटोकॉल तथा प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्यप्राणि भोपाल के निर्देशों का पालन सुनिश्चित करते हुए अग्रिम कार्यवाही की गई। डॉ. संदीप अग्रवाल (वरिष्ठ वन्यजीव स्वास्थ्य अधिकारी), डॉ. आशीष वैद्य (पशुकित्सक, बैहर) एवं डॉ. अनुष्का उपाध्याय (पशु चिकित्सक, SWFH जबलपुर) के विशेषज्ञ दल द्वारा मृत बाघ का शव परीक्षण किया गया।

श्रद्धांजलि | भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा की जिला बैठक का हुआ आयोजन।

# डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को दी गई श्रद्धांजलि






*** संभाग प्रभारी श्री सौरभ बावरिया मुख्य रूप से उपस्थित रहे।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

भारतीय जनता पार्टी कार्यालय मंडला में भारतीय जनसंघ के संस्थापक, प्रख्यात शिक्षाविद एवं राष्ट्रवादी चिंतक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष श्री प्रफुल्ल मिश्रा सहित उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। जिलाध्यक्ष श्री मिश्रा ने अपने उद्बोधन में डॉ. मुखर्जी के जीवन चरित्र, राष्ट्र निर्माण, अखंड भारत एवं राष्ट्रीय एकता के लिए उनके योगदान पर प्रकाश डालते हुए उनके आदर्शों को आत्मसात करने का आह्वान किया। कार्यकर्ताओं ने उनके बताए मार्ग पर चलकर राष्ट्र सेवा एवं संगठन सुदृढ़ीकरण का संकल्प भी लिया।

इसके उपरांत भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा की जिला बैठक आयोजित की गई, जिसमें अजा मोर्चा के प्रदेश मंत्री एवं संभाग प्रभारी श्री सौरभ बावरिया मुख्य रूप से उपस्थित रहे। उनके आगमन पर कार्यकर्ताओं द्वारा आत्मीय स्वागत किया गया। बैठक में संगठन को और अधिक सक्रिय एवं सशक्त बनाने, बूथ स्तर तक संगठन विस्तार तथा आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा की गई।

श्री बावरिया ने उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की शक्ति है। उन्होंने केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने तथा अनुसूचित जाति वर्ग के बीच पार्टी की नीतियों और विचारधारा को प्रभावी ढंग से प्रचारित करने का आह्वान किया। उन्होंने संगठनात्मक गतिविधियों को गति देने और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने पर भी विशेष बल दिया।

कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष जयदत्त झा, जिला महामंत्री नरेश चंद्रोल, पूर्व विधायक डॉ. शिवराज शाह, अनुसूचित जाति मोर्चा जिलाध्यक्ष जुगल किशोर बघेल, नगर मंडल अध्यक्ष रानू राजपूत, अजा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष श्रीमती अनीता अहिरवार, राधेश्याम झारिया, श्री कृष्ण कुमार झारिया, प्रदीप झारिया, अजा मोर्चा जिला महामंत्री सचिन डेहरिया, जिला मंत्री श्रीमती छाया सिसोदिया, श्रीमती अनुसुइया महोबिया, कार्यालय मंत्री श्रीमती ललिता लाहौरिया, मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण गोहिया, नीरज कांडरा, अमर झारिया, पूर्व अजा मोर्चा महामंत्री बसंत चौधरी, शैल जैन, पारस असरानी, आनंद जैन, सुदीप चौरसिया सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान सदस्यता अभियान, संगठन विस्तार, बूथ सशक्तिकरण एवं आगामी कार्यक्रमों के सफल संचालन को लेकर विचार-विमर्श किया गया। अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा समाज के प्रत्येक वर्ग तक भाजपा की नीतियों और योजनाओं को पहुंचाने का संकल्प लिया। बैठक का समापन संगठनात्मक एकजुटता एवं आगामी गतिविधियों को सफल बनाने के संकल्प के साथ हुआ।

# झोलाछाप डॉक्टर की क्लीनिक पर प्रशासन की कार्रवाई, क्लीनिक सील





हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

कलेक्टर राहुल नामदेव धोटे के निर्देशन में स्वास्थ्य एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम द्वारा मवई क्षेत्र के घुटास उमरिया तिराहा स्थित झोलाछाप डॉक्टर की क्लीनिक पर छापामार कार्रवाई की गई। प्राप्त शिकायत के आधार पर की गई जाँच में क्लीनिक का संचालन अवैध रूप से किए जाने की आशंका पाए जाने पर अग्रिम कार्रवाई तक क्लीनिक को सील कर दिया गया है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. डी.जे. मोहन्ती ने बताया कि श्री मिथुन कुमार लिखाके द्वारा संचालित क्लीनिक के संबंध में शिकायत प्राप्त हुई थी। शिकायत के सत्यापन के लिए स्वास्थ्य एवं राजस्व विभाग की संयुक्त निरीक्षण टीम ने मौके पर पहुंचकर क्लीनिक का निरीक्षण किया तथा आवश्यक अभिलेखों एवं तथ्यों की जांच की। इस दौरान उपलब्ध साक्ष्यों का भी संकलन किया गया।

निरीक्षण दल में तहसीलदार, मेडिकल ऑफिसर, नर्सिंग ऑफिसर एवं स्वास्थ्य विभाग का पर्यवेक्षकीय स्टाफ शामिल रहा। जांच के दौरान प्राप्त तथ्यों के आधार पर निरीक्षण दल ने अग्रिम कार्रवाई तक क्लीनिक को सील कर दिया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध रूप से चिकित्सा कार्य करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

खबर संक्षेप

### शराब के लिये पैसा न देने पर लोहे की टामी से की मारपीट

गाडरवारा। समीपस्थ सालीचौका पुलिस चौकी से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम ढाना पनागर निवासी कृष्णकांत पिता टीकाराम गुर्जर उम्र 30 साल द्वारा बीते हुये दिनों पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया कि मै अपने गांव के गब्बर उर्फ दीपक गूर्जर दोनो अपने काम से कही जा रहे थे। इसी दौरान ग्राम पनागर के पास शराब दुकान के समीप ग्राम माल्हनवाडा निवासी राम कुमार गुर्जर, छुट्टन तथा अनुज गुर्जर मिले और हम लोगों को रोकते हुये शराब पीने के लिये पैसा मांगो। जब प्रार्थी द्वारा पैसा देने से मना किया तो गंदी गंदी गालिया देते हुये राम कुमार द्वारा लोहे की टामी से प्रार्थी के साथ मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई। वही प्रार्थी के साथी गब्बर द्वारा बीच बचाव करने का प्रयास किया गया तो उसके साथ भी तीनों ने मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### पुरानी बुराई को लेकर राड मारकर चोट पहुंचाई

गाडरवारा। समीपस्थ सिहोरा पुलिस चौकी से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम बम्हौरी निवासी एक व्यक्ति द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब वह किसी शादी समारोह में गया हुआ था उसी दौरान गांव का सूरज कुशवाहा, गनेश कुशवाहा तथा विशाल कुशवाहा द्वारा पुरानी बुराई को लेकर गंदी गंदी गालिया देते हुये लोहे की राड से मारपीट कर चोटे पहुंचाई। वही घटना को देखकर जब बीच बचाव करने के लिये डोलन व ब्रज लाल कुशवाहा आये तो उनके साथ भी मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### अज्ञात चोरों द्वारा किसानों की डोरी कर डाली पार

गाडरवारा। इस समय देखा जा रहा है कि युवा जिस तरह नशे की चपेट में आने के बाद अपनी लत पूरी करने के लिये चोरी की घटनाओं को अंजाम देने से नही चूक रहे है। क्षेत्र में हालत इस तरह बने हुये है कि किसानों के खेतों पर लगे हुये कृषि कार्य संबंधी सामग्री भी सुरक्षित नही नही आ रही है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई समीपस्थ सिहोरा पुलिस चौकी के अंतर्गत ग्राम बम्हौरी गांव में देखने मिली है जहां पर अज्ञात चोरों द्वारा किसानों के खेतों में सिंचाई के लिये हुये लगी हुई बिजली लाईन को ही पार कर डाला है। घटना के संबंध में बीते हुये दिनों ग्राम बम्हौरी निवासी एक कृषक द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि कि उसके खेत पर लगी हुहुये 30 फिट बिजली तार तथा गांव के ही दीपक कौरव के खेत से 40 फिट तार व कार्तिक प्रजापति के खेत से 32 फिट तार एवं विनय बूसेड़िया के खेत से 40 फिट तार किसी अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर ली गई। इस तरह अलग अलग किसानों के खेतो से अज्ञात चोरों द्वारा पार की गई बिजली तार की चोरी को लेकर पुलिस द्वारा अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच की जा रही है।

### कामती राष्ट्रबंधु स्मारक के पास फैला हुआ अतिक्रमण बन रहा परेशानी का कारण

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। इस समय क्षेत्र के राष्ट्रीय स्तर के प्रमुख माने जाने वाले गाडरवारा पिपरिया मार्ग की स्थिति इस प्रकार से देखने मिल रही है कि जहां तहां निकल रहे गड्डे वाहन चालकों के लिये पेरशानी का कारण तो साबित होते हुये देखे जा रहे है, वही दूसरी ओर इस मार्ग पर आये दिन घटित होने वाली घटनाओं के चलते अनेक लोग अपने जिन्दगी भी गवा चुके है? क्योंकि जहां सड़क की स्थिति लगातार जर्जर होने के बाद भी इसके सुधार की ओर किसी के भी ध्यान नही दिया जा रहा है, वही दूसरी ओर इस मार्ग के किनारे पड़ने वाले गांवों में सड़क किनारे फैल रहे अतिक्रमण दुर्घटनाओं का प्रमुख कारण साबित होने से नही चूक पा रहा है? इस समय समीपस्थ ग्राम कामती में देखने मिल रही है, बताया जाता है कि इस मार्ग पर पढ़ने वाले ग्राम कामती के प्रमुख स्थल राष्ट्रबंधु स्मारक के पास जिस प्रकार से लोगों द्वारा अतिक्रमण करते हुये अपने दुकाने सजाई गई है।

यदि निष्ठा के साथ जांच हुई तो पंचायत से लेकर ब्लाक स्तर के जिम्मेदार हो सकते है बेनकाब....?

# जंगल क्षेत्र की पंचायतों में हुये निर्माण कार्य चंद दिनों में बताने लगे अपनी गुणवत्ता की सच्चाई





हरिभूमि न्यूज/बारहाबड़ा। यह बात अलग है कि बीते हुये पंचायत का कार्यकाल बदले हुये नये पंचायतों के गठन को लगभग साल से अधिक का समय बीतने को है। मगर यदि पंचायतों द्वारा जिस तरह विकास कार्यो में नाम पर शासन की राशि की होली खेली गई है उसकी सच्चाई जंगल क्षेत्र के उन गांवों में देखने आसानी से मिल सकती है जहां पर विकास कार्यो के नाम पर पैसा तो खर्च हुआ है। मगर निर्माण के चंद दिनों उपरांत टूटने के साथ अधूरे पड़े हुये विकास कार्य पंचायत के बीते हुये कार्यकाल के जनप्रतिनिधियों से लेकर ब्लाक स्तर पर बैठे हुये अधिकारियों की सच्चाई को उजागर करने से नही चूक रही है..? इस बात की सच्चाई जनपद पंचायत चीचली के अंतर्गत जंगल क्षेत्र में आने वाली अनेक ग्राम पंचायतों में आसानी से देखने मिल सकती है? बताया जाता है कि बीते हुये पंच वार्षिय पंचायतों के कार्यकाल के दौरान इन गांवों में निर्माण कार्यो के नाम पर सरकारी राशि खर्च होने के बाद भी जहां निर्माण कार्य आज भी अधूरे दिखाई दे रहे है तो दूसरी ओर स्वच्छता के नाम पर लाखों रूपया खर्च होने के साथ साथ पंचायतों द्वारा अधिकारियों की मिली भगत से कागजों में जहां ओडीएफ इसके बाद ओडीएफ प्लस के रिकार्ड के दस्तावेजों में नई नवेली दुल्हन की तरह सजाकर जिम्मेदार अधिकारी स्वच्छता सर्वेक्षण के नाम पर उत्कृष्ठ पुरूस्कार लेने के हकदार तो बन गये है। मगर इन पंचायतों की सच्चाई इस तरह से देखने मिल रही है कि लोगों के घरों में आज भी अधूरे पड़े हुये शौचालय गफलतबाजी का अधिकारियों को आईना दिखाने से नही चूक रहे है और शौचालय निर्माण के लिये खोदे गये गड्डे लोगों के लिये कचरादान बन जाने के कारण शोभा की सुपारी बनकर रह गये है..? मगर इस सबके बाद हैरत तो इस बात को लेकर देखने मिल रही है कि जिले से लेकर तहसील स्तर पर देश में आयोजित होने वाली सबसे बुद्धिमान दर्जे की परीक्षा को सफल करने अधिकारियों के हाथों में बागडोर होने के बाद भी उनके अधिनस्थ आने वाले क्षेत्रों में इस तरह दौड़ रही गफलत बाजी की रैलगाड़ी को वह खुद ही हरि झंडी दिखाते हुये नजर आने से नही चूक रहे है..? यह बात अलग है कि जब जिले से लेकर तहसील स्तर पर बैठे हुये अधिकारियों द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा किया जाता है कि इसकी जानकारी ब्लाक से लेकर पंचायत स्तर के अधिकारियों को पहले ही मिल जाने के चलते वह अपनी पंचायतों को दुल्हन की तरह सजाते हुये अधिकारियों के स्वागत हेतु तैयार तो कर लिया जाता है और इसी के चलते यहां की वास्तविक सच्चाई उजागर होने से बच जाती है? यदि यही सक्षम अधिकारी अचानक बगैर किसी पूर्व सूचना के जंगल क्षेत्र के गांवों का अचानक दौरा कर लेवे तो मीडिया द्वारा उठाई जाने वाली इस सच्चाई पर मुहर लगने से नही चूक पायेगी..? मगर यह कहावत है कि थोड़े थोड़े में सभी की सोंझाई होती है तो नीचे से लेकर ऊपर तक अधिकारियों को सब कुछ दीप की आग के सामने काली लता भी हरियाली फैलाते हुये शीतलता का प्रसाद बाटने से नही चूकती है..? जनपद पंचायत चीचली के अंतर्गत आने वाले जंगल क्षेत्र की पंचायतों का रूख किया जावे तो यहां पर हाई स्कूल से लेकर शमशान घाट सहित शौचालयों का अधूरे पड़े हुये निर्माण कार्य तथा गांवों में फैल रही गंदगी जो देश के प्रधान मंत्री से लेकर प्रदेश में मुख्यमंत्री के स्वच्छ भारत के सपने का ग्रहण लगाते हुये देखी जा रही है। वही निश्चित तौर से निष्ठावान बनकर उत्कृष्ठ पुरूस्कार के लिये ताल ठोकने वाले अधिकारियों की पोल खोलने में कोई कसर नही छोड़ेगे? वही दूसरी ओर यदि जो निर्माण कार्य हो भी चुके है तो वह चंद दिनों के अंदर टूटते हुये अपनी गुणवत्ता की कहानी बया करने से नही चूक रहे है। पूर्ण हो चुके निर्माण कार्यो की किसी निष्ठावान अधिकारी से जांच कराई जावे तो सच्चाई अपने आप ही उजागर होने से नही बच पायेगी? मगर सबाल यह पैदा हो रहा है कि जिन सक्षम अधिकारियों के लिये जिले से लेकर तहसील स्तर पर निगरानी करने के जिम्मेदारी सौपी गई है वह अपने कार्यालयों से निकलना तक उचित नही समझते है और दूसरी ओर मान लिया जावे कि जब कभी कही किसी पंचायत या क्षेत्र का निरीक्षण करने की औपचारिकता निभाई जाती है तो वहां के अधिकारियों व कर्मचारियों को पहले से ही सूचना देखकर पहुंचने के चलते गफलत बाजी की सच्चाई आंखों से ओझल होने से नही चूक पाती है..? इसी का परिणाम है कि जिले से लेकर तहसील स्तर पर बैठे हुये सक्षम बुद्धिमान अधिकारियों की उदासीनता के चलते ब्लाक स्तर से लेकर पंचायत स्तर पर बैठे हुये कर्मचारियों द्वारा पूर्णरूप से पंचायतों के विकास कार्यो के नाम पर शासन की राशि की होली खेलते हुये विकास कार्यो की गति को मात्र कागजों पर चलाते हुये देखने मिल रहा है? यदि जिले से लेकर तहसील स्तर पर बैठे हुये सक्षम अधिकारियों द्वारा अचानक क्षेत्र के जंगल पट्टी की ग्राम पंचायतों का अचानक दौरा किया जावे तो निश्चित तौर से पंचायतों के बीते हुये कार्यकाल के दौरान शासन की राशि खर्च करने के बाद भी अधूरे पड़े हुये निर्माण कार्य अपना बोरिया बिस्तर समेटकर घर बैठ चुके हुये सरपंचों सहित ब्लाक स्तर के सक्षम अधिकारियों की कार्य प्रणाली उजागर होने से नही बच पायेगी?

## बिचुआ गांव के पास संदिग्ध अवस्था में पाई गई युवक की लाश फैली सनसनी, पुलिस का कहना सर्प के काटने से हुई मौत

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** समीपस्थ पलोहा पुलिस थाने के अंतर्गत ग्राम बिचुआ क्षेत्र में सनसनी का महौल उस समय निर्मित होने से नही चूक पाया जब एक अज्ञात व्यक्ति की लाश सड़क के समीप गन्ना खेत में पाई गई। खेत में पड़ी हुई लाश की सच्चाई अपने आप ही सबालों को जन्म देने से नही चूक पा रही थी। क्योंकि मृतक के शरीर पर शर्ट के साथ साथ मात्र अंडरबियर ही दिखाई दे रहा था। वही दूसरी ओर घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस ने पहुंचकर जहां मृतक के शव का पंचनामा बनाते हुये मर्ग कायम करते हुये मामले की जांच शुरू की गई। वही दूसरी ओर इस संबंध में जब पलोहा थाना प्रभारी से चर्चा की गई तो उनका कहना है कि मृतक की पहचान मोहन पिता नईपाल उइके उम्र लगभग 40 साल निवासी डोगरी जिला छिंदवाडा के रूप में की गई है। यह युवक गाडरवारा नरसिंहपुर पर निर्माणाधीन ब्रिज में मजदूरी कार्य करने के लिये आया हुआ था। वही दूसरी ओर युवक की मौत का कारण पुलिस द्वारा जहां सर्पदंश बताया जा रहा है..? जिस स्थिति में युवक की लाश पाई गई है वह सच्चाई अपने आप ही सबालों की जन्म देने से नही चूक रही है..?



पुलिस के बताये अनुसार यह युवक छिंदवाडा जिले का निवासी होने के साथ साथ गाडरवारा नरसिंहपुर मार्ग पर चल रहे किसी ब्रिज निर्माण कार्य में मजदूरी के लिये आया हुआ था और युवक की मौत सर्प के काटने से हुई है? मगर सबाल यह पैदा हो रहा है कि मृतक निवासी छिंदवाडा जिले का और मजदूरी कार्य करने के लिये गाडरवारा से नरसिंहपुर मार्ग पर चल रहे रेलवे ब्रिज के लिये बताया जा रहा है। वही युवक की लाश पाई गई ग्राम बिचुआ के पास वह भी एक गन्ने के खेत में तथा मृतक के शरीर पर शर्ट के साथ साथ अंडरबियर पहने हुये नजर आना घटना को संदिग्ध बनाने से नही चूक रहा है..? क्योंकि गाडरवारा नरसिंहपुर मार्ग पर रेलवे ब्रिज निर्माण पर नजर डाली जावे तो ग्राम मनकवारा के पास चल रहा है। इस स्थिति में मनकवारा से ग्राम बिचुआ की दूरी भी कम नही है जिससे यह कहा जावे की युवक टहलते हुये यहां तक पहुंच गया होगा..? वही दूसरी ओर जिस तरह मृतक के शरीर पर कपड़े दिखाई दे रहे है तो फिर क्या वह निर्माण कार्य चल रहे स्थान से यहां तक सिर्फ अंडरवियर ही धारण करके पहुंचा होगा..? मान लिया जावे की युवक की मौत सर्प के काटने से हुई है तो फिर सबाल यह पैदा हो रहा है कि वह गन्ने के खेत में कैसे पहुंचा जहां पर उसकी लाश पाई गई है..? इस तरह गौर किया जावे तो युवक की लाश की सच्चाई अपने आप ही अनेक सबालों को जन्म देने से नही चूक रही है..? इस तरह गन्ने के खेत में पाई गई युवक की लाश से नही संपूर्ण क्षेत्र में दहशत का महौल निर्मित कर दिया गया है तो दूसरी ओर ताश की सच्चाई क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है लोगों का कहना है कि कही ऐसा तो नही कि युवक के साथ ....?

# या हुसैन के नारों से गूंजा शहर
## कुर्सी अलम मेहदी ताजिया का निकला विशाल जुलूस


**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** करबला के मैदान में हक और इंसानियत की हिफाजत के लिए अपनी जान कुर्बान करने वाले इमाम हुसैन और उनके 72 जानिसारों की शहादत को याद करते हुए नगर में मोहर्रम का पर्व अकीदत के साथ मनाया जा रहा है। कल मंगलवार मोहर्रम की 7 तारीख को कुर्सी अलम-मेहंदी ताजिया का विशाल जुलूस बड़े ही एहतराम के साथ निकाला गया। बताया जाता है कि शाम के वक्त शास्त्री वार्ड स्थित नया बस स्टैंड से कुर्सी अलम का जुलूस रवाना हुआ जो नगर के पुरानी चौकी मार्ग से होते हुये चावड़ी रोड से निकलते हुये महावीर भवन से शक्ति चौक, श्याम टॉकीज मार्ग से शिवालय चौक से होते हुये शुक्रवारा बाजार, झंडा चौक होते हुए अपने मुकाम पहुंचा। इस दौरान पूरे रास्ते या हुसैन, या हुसैन' की सदाएं गूंजती रहीं। जुलूस में बच्चे, बुजुर्ग, नौजवान बड़ी तादाद में अकीदत के साथ शामिल हुए। हसनी हुसैनी सोसायटी द्वारा नगर के शक्ति चौक पर हजरत अब्बास अलमदार की शान में लगाए गए परचम के सामने लोबान-खुशबू पेश कर जुलूस का इस्तकबाल किया गया। कुर्सी अलम ताजिया जुलूस का मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा। परचम के पास देर रात तक विशेष मजमा लगा रहा। रंग-बिरंगी विद्युत साज-सज्जा के बीच लाउडस्पीकर पर शहीदी कलाम गूंजते रहे। हजारों लोगों ने नियाज-फातेहा में शिरकत कर शरबत तबर्रुक हासिल किया। जुलूस मार्ग पर अकीदतमंदों ने खिदमत के लिए लंगर, शरबत और ठंडे पानी का इंतजाम किया था। मोहर्रम पर्व नगर में गंगा-जमुना तहजीब की मिसाल बना हुआ है। वही इशा की नमाज के बाद नगर के इमामबाड़ों की सवारियां बाबाओं की आमदके साथ रन करने निकलीं। शहनाई की शहीदी धुन के बीच सवारियों ने दरगाहों व इमामबाड़ों में हाजरी पेश की गई। बड़ेवली इमामबाड़ा, मुकरबा दरगाह शरीफ, बावली दरगाह शरीफ, दादी माँ, गरीब नवाज चौकी, सुल्तान बाबा, बंगला वाले इमामबाड़ा, कामथ वार्ड मस्जिद के पास लगे परचम, मदीना दरबार सहित सभी इमामबाड़ों पर देर रात तक मजमा लगा रहा। कई मुरादियों ने बाबाओं से मुलाकात कर मन्नतें मांगी।शक्ति चौक के पास हजरत सैयद बाबा की दरगाह शरीफ पर चादर-संदल पेश किया गया। जायरीनो द्वारा सभी दरगाहों पर चादर और संदल पेश किया जा रहा है। वही नगर के चावड़ी वार्ड बड़ेवली के पास मुक्कू बाबा के यहा रोजाना मगरिब की नमाज के बाद लंगर जारी है। जुलूस और सवारियों के रूट पर जगह-जगह पुलिस बल तैनात रहा। मोहर्रम मजमा लगने वाले क्षेत्र ने भी पुलिस की ड्यूटी लगाई गई है। एसडीएम मणिन्द्र सिंह, एसडीओपी ललित डागुर व नगर निरीक्षक अशोक चौहान ने सभी लोगो से मोहर्रम का पर्व सांप्रदायिक सौहार्द के साथ मनाने की अपेक्षा व्यक्त की गई है।



### पुलिया के ऊपर लगने वाली दुकाने बन रही परेशानी का कारण

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** यह बात अलग है कि प्रशासन द्वारा नगर में हर वर्ष अतिक्रमण हटाने की मुहिम चलाई जाती है। मगर इस मुहिम का परिणाम इस प्रकार से देखने मिला है कि प्रशासन द्वारा सिर्फ छोटे मोटे लोगों को हटाते हुए बड़े प्रभावशाली लोगों को जिस प्रकार से अभय दान दिया जाता है कि उसके चलते न तो नगर को अतिक्रमण से मुक्ति मिल पा रही है और नही नगर की यातायात व्यवस्था में सुधार देखने मिल रहा है? क्योंकि अतिक्रमण के चलते खाली होने वाली भूमि को भी प्रशासन द्वारा सुरक्षित करने में बरती जाने वाली कोताही का परिणाम है कि अतिक्रमणकारी चंद दिनों बात उस स्थल पर पुनः अपना कब्जा जमाने से नही चूकते है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय नगर के पुराना बस स्टेन्ड के पास देखने मिल रही है, जहां पर मुख्य मार्ग सहित सड़क के आस पास हुये अतिक्रमण के आलवा यहां पर स्थित पुलिया के ठीक ऊपर लगने वाले सब्जी सहित अन्य दुकानों का परिणाम है कि इस क्षेत्र में आये दिन जाम की स्थिति निर्मित होने से आम लोगों को परेशानियों का सामना करने के लिए मजबूर होते हुए देखा जा रहा है? इतना ही नही इस क्षेत्र में यदि अतिक्रमण की सच्चाई पर गौर किया जावे तो कुछ लोगों द्वारा नाली पर तक पक्का निर्माण करते हुए अपना कब्जा जमा लिया गया है, जिसके चलते बताया जाता है कि उनके पास पट्टा है? मगर अब सबाल यह पैदा हो रहा है कि क्या नाली के ऊपर निर्माण करने के लिए पट्टा प्रदान किया जा सकता है जो जांच का विषय बना हुआ है?

## ब्राण्डेड कंपनी के मिलते जुलते सामान की आई बहार, आमजन की जिन्दगी को बन रहा खतरा?




**हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।** मार्केट में इन दिनों डिब्बा बंद खाद्य पदार्थो की मांग खासी बढ़ गई है। क्योंकि खुले समान में शुद्धता की गारंटी नहीं होने और स्वास्थ्य पर पड़नें वाले प्रभाव के चलते लोग पैक आईटम की ओर आकर्षित होने से नही चुक पा रहे है, इसके चलते बाजार में नामी गिरामी कंपानियों की विभिन्न वैरायटी के प्रोडक्ट आ रहे है जो बच्चों से लेकर बड़ो तक की पसंद बन गए है। मगर गौर किया जावे तो बाजार में कंपनियों से मिलते जुलते ब्रांडों की भी बाढ आई हुई है, यह सेहत पर क्या असर डालेंगे। इस बारे में न तो दुकानदार जान रहा है और न ही खाद विभाग को इतनी फुर्सत है कि इनकी जांच करें? बस दुकानदार तो कमीशन अधिक होने के फेरे में इन्हे बेचने में रूचि दिखाते हुए दिखाई दे रहे है जिसके चलते आम लोगों की जिन्दगी पूर्ण रूप से खतरे में दिखाई देने लगी है? अक्सर देखा जाता है कि बिना आई एस आई मार्क के भी प्रोडक्ट मार्केट में खुलेआम बेचे जा रहे है जो हानि कारक बताये जाते है? मगर ग्राहकों की जागारूकता के अभाव के चलते एवं दुकानदार लालच के चक्कर में असली की सूरत में नकली कंपानियों के समान बेचते हुए आसानी से दिखाई देते हुए जान पड़ रहे है..? एक्सपायरी डेट का उल्लेख नही होता है यदि इन समानों पर गौर किया जावे तो कई वस्तुओं पर तो इसके निर्माण की तिथि तक नहीं लिखी रहती और कई जगह एक्सपायरी डेट का समान बिकते हुए भी देखा जाता है? इन उत्पादों को शहर की गलियों सहित गांव गांव में बेचा जा रहा है और शहर सहित आसपास के कस्बों में लगने वाले साप्ताहिक बाजारों में लाखों का कारोबार होता है, वही अच्छी कंपानियों का कमीशन कम है और दुकानदारों की मांग के अनुरूप इसकी पूर्ति नहीं होती है। इस कारण बाजार में इन नामों से मिलते जुलते प्रोडक्ट की बाढ़ देखने मिल रही है? वही दूसरी ओर यदि प्रशासन की सक्रियता पर गौर किया जावे तो इनके द्वारा कभी कभार ही इस प्रकार की दुकानों का कभी कभार ही निरीक्षण किया जाता है वह भी मात्र औपचारिकता पूर्ण होने के चलते इस प्रकार से गुणवत्ताहीन सामन की बिक्री करने वालों के हौसले बुलंद दिखाई दे रहे है?

# सड़क दुर्घटनाओं को बढ़ा रहे ट्रैक्टर, कृषि कार्य की जगह अन्य कार्यों में नियम विरूद्व हो रहा उपयोग

**हरिभूमि न्यूज/सिहोरा/बोहानी।** शहर में वाहनों की अंधा धुंध रफ्तार और इनकी बढ़ती हुई संख्या से आए दिन सड़क दुर्घटनाएँ हो रही हैं। अक्सर देखा जाता है कि सड़क पर जिन वाहनों की संख्या ज्यादा होती है, उनमें से मुख्य हैं कृषि कार्यों में प्रयुक्त होने वाले ट्रैक्टर जिनका सही मायने में देखा जावे तो रजि. सिर्फ कृषि कार्य के रूप में होता है। मगर लोगों द्वारा कृषि कार्य के नाम पर पंजीयन कराते हुये उनका उपयोग पूर्ण रूप से व्यवसाय में किया जाता है। जिसमें खुलेआम नियमों को नजर अंदाज करते हुये रेत का परिवहन करने के अन्य प्रकार का माल के साथ सवारियां ढ़ोने से इन ट्रैक्टर चालकों की वजह से ज्यादातर दुर्घटनाएँ होते हुये देखा जाना आम बात बन चुकी है। क्योंकि इनमें लगी ट्राली ट्रैक्टर मालिकों की अतिरिक्त आय का जरिया बन चुकी है? बिना टैक्स अदा करे निर्विघ्न रूप से क्षेत्र की सड़को पर तेज गति से दौड़ते यह ट्रैक्टर ट्राली सड़कों पर हादसों का प्रमुख करण बनने से नही चुके रहे है। मगर इसके बावजूद प्रशासन, परिवहन विभाग एवं पुलिस दुर्घटनाओं को आमंत्रण देते हुए दौड़ने वाले इन वाहनों पर कार्यवाही करने में अक्षम सिद्ध हो रहे हैं?




प्रशासन की इस लापरवाही का खामियाजा उन निरीह और बेबर नागरिकों को भुगतना पड़ रहा है। यह जानकर हैरत होगी कि हाईवे पर घटित अधिकांश दुर्घटनाओं के कारण ये ट्रैक्टर ट्राली ही माने जाते है। यदि सच्चाई पर गौर किया जावे तो इस समय शहरों से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में धडल्ले से सड़को पर रेत लेकर दौड़ने वाले इन ट्रेक्टर ट्रालियों को पुलिस प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारी मात्र उनकी रेत रायल्टी देखते हुये छोड़ देते है। जबकि रेत या फिर मिट्टी परिवहन करने वाले वाहनों का खजिन विभाग में पंजीयन होना अति आवश्यक होता है तभी वह रेत या फिर अन्य प्रकार के खनिज का परिवहन कर सकते है। मगर इसके बाद भी न तो आरटीओ विभाग से लेकर स्थानीय स्तर के अन्य जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा इस ओर किसी भी प्रकार से ध्यान दिया जा रहा है और न ही पुलिस के अधिकारियों द्वारा जिसके चलते कृषि कार्य के नाम पर पंजीकृत इन ट्रेक्टर ट्रालियों को दो ताराधारी जिम्मेदार अधिकारी लक्ष्मी नारायण का पूजन करते हुये अभयदान प्रदान करने में कोई कसर नही छोड़ रहे है? इस तरह ग्रामीण क्षेत्रों से लेकर शहरी क्षेत्र में आने वाले ट्रैक्टरों के पीछे लगी ट्राली में माल को लादने के बाद उसके ऊपर इतनी सवारियां बैठा लेते हैं कि उसे देखकर लोगों को अचंभित होना पड़ता है कि आखिर ये सवारियां बिना सहारे के कैंसे बैठती हैं? क्योंकि ट्राली में पकड़ कर बैठने का कोई साधन नहीं होता जो यात्रियों को हिलने डुलने या गिरने से बचा सके तथा कम किराये एवं घर से गंतव्य तक पहुँचने के कारण इन यात्रियों को मौत का भय भी नहीं लगता है। वही देखा जाता है कि ऊबड़ खाबड़ रास्ते एवं हिचकोले खाता हुआ ट्रैक्टर और उस पर सवार ग्रामीणों को ईश्वर का ही सहारा होता है अन्यथा ट्रैक्टर चालक को तो यह पता भी नहीं होता कि बैठे लोग किस मुसीबत को सहन कर रहे हैं, जिसमें अब ऐंसे ग्रामों की संख्या दो अंकों में ही होगी जहाँ आधुनिकता की निशानी यह कृषि यंत्र न होकर अब यह रेत, गिट्टी, मिट्टी, र्इंट, लोहा, विल्डिंग मटेरियल एवं अन्य सामग्रियों को ढोने वाले वाहन बन चुके हैं। जबकि सही मायाने में देखा जावे तो ट्रेक्टर का उपयोग मात्र खेती के लिए ही होता है और इसी के चलते ट्रेक्टर ही हर ट्राली पर कृषि कार्य हेतु लिखा रहता है, मगर इसके बाद भी धडल्ले से लोगों द्वारा संपूर्ण नियम कायदे कानूनो को दर किनार करते हुए इन ट्रेक्टरों का उपयोग अब खेती की जगह व्यवसाय में किया जा रहा है, इतना ही नही यदि सच्चाई पर नजर डाली जावे तो अनेक ट्रेक्टर मालिक तो इस प्रकार से देखे जा रहे है जिनके पास खेती के नाम पर जमीन ही नही है इसके बाद भी बैकों द्वारा जहां उन्हें ट्रेक्टर लेने के लिए लोन दी जा रही है, वही दूसरी ओर आर टी आई विभाग द्वारा धडल्ले से ट्रेक्टरों का रजि. करते हुए सड़कों पर मौत का साधन प्रदान करने में देरी नही कर रहा है?

# मध्यम व गरीबों के लिए अभिशाप बनी दहेज प्रथा

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** सामाजिक संस्थाएं, शासन प्रशासन चाहे लाख दावा करें..। लेकिन सच्चाई यह है कि समाज मे दहेज प्रथा की पूरी तरह से समाप्ति न होने से माध्यम वर्गिय परिवारों की बहुत सी युवतियॉ हर साल अविवाहित रह जाती है या फिर वरपक्ष के दहेज लोभियों की मांग पूरी न होने से उस पिता के अरमान भी अधूरें रह जातें है जिसने अपनी प्यारी बिटिया को खून पसीने की कमायी से परवरिश कर शिक्षित और सर्वगुण सम्पन्न बनाया होता है? वही लोगों द्वारा इस बर वक्ष की दहेज रूपी मांग को पूरा करने के लिए अनेक कन्याओं के पिता कर्ज में फंसकर दहेज लोभियों की मांग को तो पूरा कर देते है। मगर बाद की स्थिति इस प्रकार से होती है कि उसका लेकर वह कर्ज पटाते हुए गुजारते हुए देखे जाते है? गौरतलब है कि क्षेत्रीय स्तर पर भी कारगर ढंग से दहेज मॉगने पर बंदिया नही लग सकी, जहॉ अभीर माने जाने वाले साधन संपन्न लोग अपनी शानों शौकत का प्रदर्शन कर न्यौछावर, उपहार के नाम वर पक्ष को भारी भरकम दहेज राशि देकर एक तरह से लक्ष्मी को आपमानित कर रहे है, वही दूसरी तरफ दहेज की चाहत की धधकती ज्चाला के बीच वह गरीब मुसीबत में पड़ गया, जिसके लिए भीषण महँगाई के दौर आजीविका चलाना कठिन हो गया है,उसकी माली हालत को नजर अंदाज कर देखा जा रहा है कि वरपक्ष की तरफ सें उस पर धन या दहेज सामग्री देने का दबाब बनाया जा रहा है, नतीजतन अधिकांश गरीब कर्जदार हो रहे है और अपने ऑगनों में गूॅजतें बैण्डबाजों की आवाज के बीच उनकी आत्मा पुकार रही होती है कि अब तो बदलतें दौर में अब तो दहेज प्रथा का सर्वनाश होना चाहिए।

## खबर संक्षेप

### दूध के उचित मूल्य की मांग को लेकर किसानों की शांतिपूर्ण रैली

अनूपपुर। दूध के उचित मूल्य की मांग को लेकर जिले के दुग्ध उत्पादक किसानों ने आज एक विशाल एवं शांतिपूर्ण रैली का आयोजन किया। रैली का शुभारंभ तुलसी कॉलेज, अनूपपुर से किया गया, जो विभिन्न मार्गों से होते हुए सामतपुर में संपन्न हुई। रैली में बड़ी संख्या में दुग्ध उत्पादक किसान शामिल हुए और अपनी मांगों के समर्थन में आवाज बुलंद की। किसानों ने बताया कि पशुपालन की लागत लगातार बढ़ रही है, जबकि दूध का मूल्य लंबे समय से नहीं बढ़ाया गया है। किसानों की प्रमुख मांग है कि गाय के दूध का मूल्य 60 रुपये प्रति लीटर तथा भैंस के दूध का मूल्य 70 रुपये प्रति लीटर निर्धारित किया जाए, ताकि पशुपालकों को उनकी मेहनत का उचित प्रतिफल मिल सके। रैली के दौरान जिले के सभी डेयरी संचालकों को ज्ञापन एवं चेतावनी दी गई कि दूध का क्रय मूल्य तत्काल बढ़ाया जाए। किसानों ने स्पष्ट कहा कि यदि उनकी मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया जाता है, तो 25 जून 2026 से दूध की आपूर्ति बंद कर दी जाएगी। दुग्ध उत्पादक संघ, जिला अनूपपुर के किसानों ने कहा कि जब तक दूध का उचित मूल्य नहीं बढ़ाया जाता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने सभी दुग्ध उत्पादक किसानों से एकजुट होकर अपने अधिकारों की लड़ाई में सहयोग करने की अपील की।

### जनसुनवाई में कलेक्टर ने 63 आवेदनों में की सुनवाई

अनूपपुर। जिला स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में आयोजित किया गया। कलेक्टर हर्षल पंचोली ने 63 आवेदनों पर जनसुनवाई करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निराकरण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती अर्चना कुमारी, डिप्टी कलेक्टर कमलेश पुरी, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अनूपपुर सुश्री प्राशी अग्रवाल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भी आवेदकों की समस्याएं सुनी। ग्राम बम्हनी तहसील अनूपपुर के निवासी अर्चना बैगा ने पात्रतानुसार बैगा आहार योजना का लाभ दिलाए जाने, ग्राम कुसियरा तहसील अनूपपुर के निवासी सोनू यादव ने लाड़ली लक्ष्मी योजना एवं गरीबी रेखा के नीचे राशन कार्ड बनवाए जाने, ग्राम हरद तहसील अनूपपुर की निवासी श्रीमती दामिनी सिंह ने छात्रावास दिलाए जाने, ग्राम पाटन तहसील जैतहरी की निवासी श्रीमती गीता बाई चौधरी ने सीमांकन कराए जाने, जैतहरी वार्ड नंबर-14 के निवासी जीवन लाल चौधरी ने अनुकंपा नियुक्ति दिलाए जाने, ग्राम कोठारी नंबर-1 तहसील कोतमा के निवासी मुकेश तिवारी ने पशुधन हानि पर सहायता राशि दिलाए जाने, ग्राम सुईडांड तहसील कोतमा के निवासी बाबूलाल ने ओलावृष्टि के कारण फसल क्षति हेतु सहायता राशि दिलाए जाने, तहसील कोतमा के बरगवां निवासी श्रीमती मुन्नी भरिया ने नक्शा तरमीम कराए जाने तथा नगर परिषद ढोला वार्ड नंबर 2 फगुना कोल ने एसईसीएल की भूमि अधिग्रहण पर मुआवजा दिलाए जाने हेतु आवेदन दिए।

### योग से शरीर, दिमाग और मन को मिलता है संपूर्ण स्वास्थ्य-शांतनु कुमार सिंह

अनूपपुर। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पूरे विश्व में योग के महत्व को रेखांकित किया गया। इसी क्रम में राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य एवं तंत्रिका विज्ञान संस्थान (निम्हांस), बेंगलुरु में आयोजित सामूहिक योग कार्यक्रम में 500 से अधिक कर्मचारियों, विद्यार्थियों और शिक्षकों ने भाग लिया। यह आयोजन इस बात का प्रमाण है कि योग अब केवल परंपरा नहीं, बल्कि वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित स्वास्थ्य पद्धति के रूप में स्वीकार किया जा रहा है। वर्तमान समय में अनेक शोध यह सिद्ध कर चुके हैं कि नियमित योगाभ्यास तनाव बढ़ाने वाले हार्मोन को नियंत्रित करता है, हृदय स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है तथा मस्तिष्क की कार्यक्षमता को बढ़ाता है।

# जनसुनवाई में पहुंचे 71 आवेदन, कलेक्टर ने त्वरित निराकरण के दिए निर्देश







डिंडौरी।

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई में जिले के विभिन्न ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों से आए नागरिकों ने अपनी समस्याओं एवं मांगों से संबंधित 71 आवेदन प्रस्तुत किए। कलेक्टर ने सभी आवेदनों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को जांच कर शीघ्र एवं नियमानुसार निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।जनसुनवाई में आधार कार्ड निर्माणए प्रधानमंत्री आवास योजना की शेष राशि का भुगतानए खेतों के जल निकासी मार्ग की बहालीए किसान क्रेडिट कार्ड से संबंधित शिकायतेंए पेयजल संकट तथा भूमि विवादों सहित विभिन्न विषयों से जुड़े आवेदन प्राप्त हुए।ग्राम शाहपुर निवासी दुर्गा नामदेव ने अपने संरक्षण में रह रहे बेसहारा बच्चों शौर्य एवं अष्टिका के आधार कार्ड बनवाने तथा उन्हें शिक्षा से जोड़ने के लिए सहायता की मांग की। वहीं नगर परिषद डिंडौरी क्षेत्र की एक हितग्राही ने प्रधानमंत्री आवास योजना की स्वीकृत शेष राशि प्राप्त नहीं होने की शिकायत दर्ज कराई।ग्राम भाजीटोला माल निवासी बिहारी सिंह ने पड़ोसी किसानों द्वारा खेत के पानी निकासी मार्ग को अवरुद्ध किए जाने की शिकायत करते हुए मार्ग बहाल कराने की मांग की। किसान राधेश्याम पाराशर ने किसान क्रेडिट कार्ड ऋण का पूर्ण भुगतान करने के बाद भी ब्याज राशि मांगे जाने की शिकायत प्रस्तुत की।

जनसुनवाई में ग्राम बसनिया निवासी 70 वर्षीय खेमलाल ने अपनी भैंस चोरी कर बेच दिए जाने की शिकायत दर्ज कराते हुए न्याय की मांग की। उन्होंने बताया कि एक व्यक्ति भैंस को चराने के बहाने घर से ले गया और बाद में बेच दिया। पीड़ित ने भैंस वापस मांगने पर धमकी दिए जाने का भी आरोप लगाया। कलेक्टर ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित तहसीलदार को जांच कर त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। साथ ही वृद्धावस्था के कारण चलने.फिरने में हो रही परेशानी को देखते हुए सामाजिक न्याय विभाग के माध्यम से उन्हें सहारे के लिए छड़ी उपलब्ध कराई गई।ग्राम पंचायत पलकी के ग्रामीणों ने क्षेत्र में व्याप्त पेयजल संकट की जानकारी देते हुए नए हैंडपंप की स्थापना तथा बंद पड़ी नल.जल योजना को पुनः शुरू कराने की मांग की। इस पर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई कर पेयजल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

आवेदक फूलिया बाईए हरवंश लालए जयवंती एवं देववंती ने उनकी पैतृक भूमि के संबंध में फर्जी दस्तावेज तैयार कर अवैध पंजीयन किए जाने का आरोप लगाते हुए निष्पक्ष जांच एवं कार्रवाई की मांग की। कलेक्टर ने संबंधित तहसीलदार को जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। वहीं लकवा से पीड़ित फूलिया बाई को चलने.फिरने में हो रही परेशानी को देखते हुए सामाजिक न्याय विभाग द्वारा वॉकर एवं सहायक सामग्री उपलब्ध कराई गई।जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर ने सभी आवेदनों को संबंधित विभागों को प्रेषित करते हुए समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने भी आवेदकों को उनकी समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया।इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी दिव्यांशु चौधरीए अपर कलेक्टर जेण्पीण यादवए एसडीएम डिंडौरी रामबाबू देवांगन सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कमजोर मानसून को लेकर केंद्र अलर्ट, किसानों के लिए तैयार हुई आकस्मिक कृषि रणनीति




डिंडौरी।

संभावित कम वर्षा और कमजोर मानसून की स्थिति को देखते हुए केंद्र सरकार ने राज्यों को अग्रिम तैयारी करने के निर्देश दिए हैं। इसी क्रम में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आकस्मिक कृषि कार्ययोजना की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में देशभर के कृषि मंत्रियोंए विभागीय अधिकारियोंए सचिवों एवं जिला कलेक्टरों ने भाग लिया।बैठक में खरीफ एवं रबी सीजन की तैयारियोंए वर्षा की संभावित कमी तथा किसानों को होने वाले नुकसान को कम करने के उपायों पर विस्तृत चर्चा की गई। केंद्रीय मंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसानों को कम पानी में तैयार होने वाली फसलों के प्रति जागरूक किया जाए तथा फसल विविधीकरण को बढ़ावा दिया जाएए ताकि प्रतिकूल मौसम परिस्थितियों में भी कृषि उत्पादन प्रभावित न हो। समीक्षा के दौरान प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के व्यापक प्रचार.प्रसार और अधिकाधिक किसानों को योजना से जोड़ने पर विशेष जोर दिया गया। साथ ही ईएनएसओ ;म्छैव्द्ध के संभावित प्रभावों को देखते हुए राज्यों को आकस्मिक परिस्थितियों से निपटने के लिए तैयार रहने के निर्देश दिए गए।केंद्रीय मंत्री ने दलहनए तिलहन एवं कपास मिशन से जुड़े अधिकारियों को नियमित फीडबैक लेने तथा चिन्हित जिलों में फसल बीमा योजना का दायरा बढ़ाने के निर्देश दिए। इसके अलावा सूखा निगरानी के लिए साप्ताहिक समीक्षा बैठकें आयोजित करने और कृषि ऋण कवरेज को शत.प्रतिशत संतृप्ति तक पहुंचाने पर भी बल दिया गया।बैठक में बताया गया कि देश के 15 राज्यों में निगरानी के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैंए जबकि 342 संवेदनशील जिलों को आपातकालीन कृषि योजनाओं के अद्यतन के लिए चिन्हित किया गया है।

मध्यप्रदेश में दक्षिण.पश्चिम मानसून की कमजोर स्थिति को देखते हुए अलीराजपुरए अनूपपुरए बैतूलए रतलामए मंदसौरए सिंगरौलीए मंडलाए शहडोल और डिंडौरी सहित कई जिलों की कृषि परिस्थितियों तथा आकस्मिक कृषि कार्ययोजनाओं की विशेष समीक्षा की गई।बैठक में डिंडौरी कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरियाए कृषि उप संचालक संजय दोषीए उद्यानिकी उप संचालक चन्द्रपाल सिंहए पशुपालन उप संचालक डॉण राजीव महादेव रायए मत्स्य अधिकारी राकेश चंदेलए सहकारिता अधिकारी अशोक द्विवेदीए सुश्री अभिलाषा चौरसिया तथा कृषि वैज्ञानिक डॉण आरण्पीण देशमुख सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



# विधायक ओमप्रकाश धुर्वे ने विद्यार्थियों को बांटी साइकिलें और पुस्तकें

डिंडौरी।

प्रदेश में संचालित स्कूल चले हम अभियान के द्वितीय चरण के अंतर्गत शहपुरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्री ओमप्रकाश धुर्वे ने सोमवार को शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल मानिकपुर पहुंचकर नवप्रवेशी छात्र.छात्राओं को साइकिल एवं पाठ्य पुस्तकें वितरित कीं।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए विधायक श्री धुर्वे ने अपने छात्र जीवन के संघर्षों को साझा किया तथा विद्यार्थियों को शिक्षा के महत्व से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि वर्तमान में मध्यप्रदेश शासन शिक्षा के क्षेत्र में अनेक सुविधाएं उपलब्ध करा रहा हैए जिनका लाभ उठाकर विद्यार्थी अपने उज्ज्वल भविष्य का निर्माण कर सकते हैं।

साइकिल प्राप्त करने के बाद छात्र.छात्राओं के चेहरे खुशी से खिल उठे। विधायक ने विद्यालय की शैक्षणिक एवं भौतिक व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए शिक्षकों और विद्यालय स्टाफ की सराहना की तथा उन्हें बेहतर कार्य के लिए प्रोत्साहित किया।उन्होंने कहा कि शासन और प्रशासन प्रत्येक विद्यार्थी को गुणवत्तापूर्ण एवं निःशुल्क शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध हैं। शिक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है और आज के विद्यार्थी ही देश के भविष्य के निर्माता हैं।कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष श्रीमती प्रियंका आर्मोए पूर्व जनपद उपाध्यक्ष एवं सदस्य टेकेश्वर साहूए हीरेंद्र मरावीए राजेन्द्र तिवारीए संतोषीए उत्तमए बद्रीए जिला परियोजना समन्वयक दिवाकर तिवारीए बीआरसी श्री गुरुप्रसाद साहूए प्राचार्य माधव झारिया सहित विद्यालय के शिक्षकए गणमान्य नागरिकए विद्यार्थी एवं पालकगण उपस्थित रहे।

# डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित



**शहपुरा।** भारतीय जनता पार्टी मंडल मानिकपुर द्वारा भारतीय जनसंघ के संस्थापक एवं प्रखर राष्ट्रवादी चिंतक डॉण श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर मंडल कार्यालय में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियोंए पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने डॉण मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ओमप्रकाश धुर्वे ने कहा कि डॉण श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने राष्ट्र की एकताए अखंडता और स्वाभिमान की रक्षा के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। उनके विचारए सिद्धांत और राष्ट्रभक्ति की भावना आज भी देशवासियों को जनसेवा एवं राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित करती है।उन्होंने कहा कि डॉण मुखर्जी का जीवन देश के प्रति समर्पण और त्याग का प्रतीक है तथा उनके आदर्शों का अनुसरण कर ही मजबूत और सशक्त भारत के निर्माण का संकल्प साकार किया जा सकता है।कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष हीरेंद्र मरावीए मंडल महामंत्री राजेंद्र तिवारीए जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रियंका आर्मोए टेकेश्वर साहू सहित भाजपा मंडल मानिकपुर के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। उपस्थित जनों ने डॉण मुखर्जी के योगदान का स्मरण करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने तथा राष्ट्रहित में कार्य करने का संकल्प लिया।श्रद्धांजलि सभा का समापन राष्ट्रसेवा एवं जनकल्याण के संकल्प के साथ हुआ।

# शाला प्रवेश उत्सव में नवप्रवेशी विद्यार्थियों का हुआ स्वागत

डिंडौरी।

स्कूल चले हम अभियान के द्वितीय चरण के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जमगांव में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शहपुरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक ओमप्रकाश धुर्वे मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।कार्यक्रम के दौरान कक्षा 6वीं एवं 9वीं में नवप्रवेशी छात्र.छात्राओं का पुष्पमाला एवं तिलक लगाकर स्वागत किया गया। साथ ही पात्र विद्यार्थियों को निःशुल्क साइकिल एवं पाठ्य पुस्तकों का वितरण किया गया। अपने संबोधन में विधायक



धुर्वे ने कहा कि प्रदेश सरकार विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए विभिन्न सुविधाएं प्रदान कर रही है। उन्होंने विद्यार्थियों से नियमित रूप से विद्यालय आने तथा मन लगाकर अध्ययन कर अपने उज्ज्वल भविष्य का निर्माण करने का आह्वान किया।कार्यक्रम में जनपद सदस्यए ग्राम पंचायत जमगांव के सरपंचए अन्य जनप्रतिनिधिए अभिभावक एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिला परियोजना समन्वयक दिवाकर तिवारीए विकासखंड शिक्षा अधिकारी सतीश धुर्वेए बीआरसी अरुण चौबेए बीएसी करुणा विधान शर्माए जनशिक्षक तथा शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारी. कर्मचारी भी मौजूद रहे।कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्राचार्य जीण्पीण झरिया ने मुख्य अतिथिए जनप्रतिनिधियोंए अभिभावकों एवं अधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों के उत्साहवर्धन के लिए उनकी उपस्थिति को प्रेरणादायी बताया।

# डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने दी श्रद्धांजलि



डिण्डोरी।

भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय डिण्डोरी में भारतीय जनसंघ के संस्थापक एवं प्रखर राष्ट्रवादी विचारक डॉण श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किए तथा उनके योगदान को स्मरण किया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला महामंत्री सुधीरदत्त तिवारी ने कहा कि डॉण श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जीवन राष्ट्रभक्तिए त्याग और समर्पण का प्रतीक रहा है। उन्होंने देश की एकता और अखंडता के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। उनके विचार और आदर्श आज भी राष्ट्र निर्माण की दिशा में प्रेरणा प्रदान करते हैं।जिला महामंत्री लक्ष्मण सिंह ठाकुर ने कहा कि डॉण मुखर्जी ने राष्ट्रीय एकता को सर्वोपरि मानते हुए ष्एक देश में दो विधानए दो प्रधान और दो निशान नहीं चलेंगेष का संकल्प लिया था। राष्ट्र की अखंडता के लिए उनका संघर्ष और बलिदान भारतीय इतिहास में सदैव स्मरणीय रहेगा।इस अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओं ने डॉण मुखर्जी के आदर्शों का अनुसरण करते हुए राष्ट्र एवं समाज की सेवा के लिए समर्पित भाव से कार्य करने का संकल्प लिया।कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारीए जनप्रतिनिधिए विभिन्न मोर्चा एवं प्रकोष्ठों के पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। राष्ट्रहित एवं संगठन की मजबूती के संकल्प के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

# पेयजल संकट ने बढ़ाई परेशानी, नर्मदा तट पर शरण लेने को विवश ग्रामीण



डिंडौरी।

अमरपुर विकासखंड की ग्राम पंचायत खैरदा अंतर्गत ग्राम बरगा के पारधी टोला में पेयजल संकट विकराल रूप ले चुका है। हालात ऐसे हैं कि पारधी समाज के दर्जनों परिवार पिछले दो महीनों से अपने घर छोड़कर नर्मदा नदी के किनारे अस्थायी रूप से रहने को मजबूर हैं। समस्या के समाधान की मांग को लेकर ग्रामीणों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है।ग्रामीणों के अनुसार गांव में लंबे समय से पेयजल की गंभीर समस्या बनी हुई है। पानी की उपलब्धता नहीं होने से लोगों को दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति यह है कि कई परिवार अपने बच्चों और घरेलू सामान के साथ नर्मदा तट पर अस्थायी डेरा डालकर रह रहे हैंए ताकि पीने और घरेलू उपयोग के लिए पानी उपलब्ध हो सके।ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि पेयजलए सड़क और बिजली जैसी मूलभूत सुविधाओं की मांग को लेकर कई बार प्रशासन और जनप्रतिनिधियों को आवेदन दिए जा चुके हैंए लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं निकाला गया। इससे पारधी समाज के लोगों में नाराजगी व्याप्त है।ज्ञापन के माध्यम से ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि ग्राम बरगा के पारधी टोला में तत्काल पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा सड़क और विद्युत सुविधाओं का भी विस्तार किया जाए। ग्रामीणों का कहना है कि यदि उनकी समस्याओं का शीघ्र निराकरण नहीं किया गया तो वे आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

**न्यायालय:- प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय डिण्डौरी जिला डिण्डौरी म.प्र.**

एम.जे.सी.जी. डब्ल्यू प्रकरण क्रमांक 02/2026
आगामी पेशी तारीख 31.07.2026

1. कौशिल्या बाई पति स्व: मनोहर सिंह जाति गोंड आयु 60 साल निवासी मकान नं. 1 ग्राम दियावार माल पोस्ट नेवसा तहसील व जिला डिण्डौरी म.प्र.
2. सावित्री धुर्वे पिता स्व. रूप सिंह आयु 7 साल
3. संजय धुर्वे पिता स्व: पिता रूप सिंह आयु 6 साल। आवेदक क्रमांक 02 एवं 03 नाबालिग बलि कौशिल्या बाई पति मनोहर सिंह जाति गोंड आयु 60 साल निवासी मकान नं. 1 ग्राम दियावार माल पोस्ट नेवसा तहसील व जिला डिण्डौरी म.प्र.....................................आवेदकगण।

विरूद्ध

जन साधारण.............................अनावेदक।

**आम इश्तहार**

जन साधारण को सूचित किया जाता है कि एम.जे.सी.जी. डबल्यू प्रकरण क्रमांक 02 / 2026 पक्षकार कौशिल्या बाई वगै. विरूद्ध जन साधारण में आवेदक कौशिल्या बाई वगै. के द्वारा आप जन साधारण के विरूद्ध धारा 7 सरंक्षण एवं प्रतिपाल्य अधिनियम के तहत न्यायालय में सावित्री व संजय का सरंक्षण घोषित किये जाने हेतु प्रस्तुत किया है। जिसकी सुनवाई इस न्यायालय में आगामी दिनांक 31.07.2026 को रखी गई। अत: आप नियत दिनांक को स्वयं के मान्यता प्राप्त अभिकर्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखे। नियत दिनांक को अवकाश घोषित होने पर आप आगामी कार्य दिवस को उपस्थित रहे आपके अनुपस्थित रहने पर प्रकरण में एकपक्षीय रूप से कार्यवाही करते हुये अग्रिम कार्यवाही की जायेगी। आज दिनांक 22.06.2026 को इस न्यायालय की पद मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

डिण्डौरी दिनांक 22.06.2026

सील

(एम.एल. राठौर)
प्रधान न्यायाधीश
कुटुम्ब न्यायालय डिण्डौरी म.प्र.

## मां नर्मदा में बदस्तूरी जारी अवैध खनन प्रशासन की सख्ती के बाद भी नहीं रुक रहा खनन

# आदेश के बाद भी नहीं हो पा रही कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

बीते दिवस जिले के सीमांत क्षेत्र में नर्मदा नदी से अवैध खनन की फोटो वीडियो वायरल होने के बाद प्रशासनिक अधिकारियों के कानों तक जूं रेंगी लेकिन वह भी आदेश तक ही रही सीमित रही और कार्रवाई नहीं हो सकी। हालांकि उक्त अवैध खनन में नरसिंहपुर तथा जबलपुर जिले का प्रशासन परेशान है क्योकि अवैध खनन करने वाले प्रशासन की दल के आने के पूर्व ही भाग जाते है या जिले के दल को देखकर दूसरे जिले की सीमा पर पहुंच जाते है। हालांकि बीते दिनों हुई वायरल फोटो वीडियों के बाद नरसिंहपुर कलेक्टर द्वारा सख्त रूख अपनाते हुए कार्रवाई की बात कही परन्तु दूसरे दिन भी धड़ल्ले से अवैध खनन होता रहा अब ये तय नही हो सका कि उक्त क्षेत्र नरसिंहपुर जिले की राजस्व सीमा में है या जबलपुर जिले का क्षेत्र है।

### धड़ल्ले से हो रहा अवैध खनन

नरसिंहपुर और जबलपुर जिले की सीमा पर स्थित सांकलघाट क्षेत्र पर नर्मदा नदी की बीच धारा से बड़े पैमाने पर अवैध रेत खनन किए जाने का मामला सामने आया जिसे लेकर प्रशासन का रूख सख्त हुआ लेकिन असर कुछ भी नही हो सका और मंगलवार को भी धड़ल्ले से अवैध खनन जारी रहा है। इस अवैध कारोबार के कुछ पुख्ता वीडियो और तस्वीरें सामने आई हैं, जिसके बाद






प्रशासनिक महकमे में हड़कंप मच गया है। सबसे बड़ी बात यह है कि इस पूरे सीमावर्ती इलाके में किसी भी जिले की कोई भी वैध रेत खदान स्वीकृत नहीं है, फिर भी यहां धड़ल्ले से रेत निकाली जा रही है। सामने आए वीडियो और चश्मदीदों के अनुसार, बेखौफ रेत माफिया ने घाट के किनारे से लेकर नदी के बीच तक कच्चा रास्ता बनाकर रेत निकाली जा रही है।

### एनजीटी के नियमों की उड़ रही धज्जियां

उक्त अवैध खनन में पूरी तरह से एनजीटी के कड़े नियमों और अदालती आदेशों की सरेआम धज्जियां उड़ा रही है। जिस बड़े स्तर पर मशीनों और डंपरों का मेला लगा हुआ है, उसे देखकर साफ है कि इस खेल के पीछे किसी बड़े और रसूखदार सिंडिकेट का हाथ है। वैसे तो नरसिंहपुर जिले की खदानों का ठेका एक निजी कंपनी के पास है, लेकिन इस अवैध खेल से उसका कोई कनेक्शन है या नहीं, यह जांच के बाद ही साफ होगा। सूत्रों के मुताबिक, नर्मदा संरक्षण में जुटे एक नर्मदा भक्त ने इस काले कारोबार के वीडियो और तस्वीरें जिला प्रशासन तक पहुंचाई थीं। चूंकि मामला दोनों जिलों की सीमा का है, इसलिए उन्होंने तुरंत जबलपुर जिला प्रशासन को सूचित करते हुए अवैध खनन पर धावा बोलने के लिए संयुक्त टास्क फोर्स को एक्टिव होने के निर्देश दे दिए हैं। परन्तु दूसरे दिन भी अवैध खनन जारी रहा।

### सख्त कार्रवाई के निर्देश

बीते दिवस अवैध खनन की फोटो वीडियो वायरल होने के बाद नरसिंहपुर कलेक्टर ने कड़ा रूख करते हुए सख्त कार्रवाई की बात कही वही जबलपुर जिला प्रशासन भी अवैध खनन को लेकर सक्रिय नजर आया। लेकिन प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारियों के सख्त रूख के बाद भी नर्मदा में अवैध खनन नही रूक सका और दूसरे दिन भी धड़ल्ले से अवैध खनन जारी रहा है। ऐसे मे लोगों द्वारा कहा जा रहा है कि प्रशासन मे अवैध कारोबारियों के रसूख के आगे नतमस्तक है। हालांकि प्रशासन उक्त मामले के लेकर सक्रिय है अब देखना यह होगा कि दोनों जिलों की पुलिस और खनिज विभाग की टीम मिलकर इस पर क्या एक्शन लेती है और नर्मदा का सीना चीरने वाले इन रसूखदार माफियाओं पर कब तक कानूनी शिकंजा कसता है। इलाके के लोगों ने इस पूरे मामले की बिना किसी दबाव के निष्पक्ष जांच करने की मांग की है।

### रेत से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली ने वृद्ध को मारी टक्कर मौत

जिला मुख्यालय के कोतवाली थाना क्षेत्र में एक सड़क हादसे में एक वृद्ध की मौके पर ही मौत हो गई। पंचमुखी हनुमान मंदिर के पास रेत से भरी एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली ने मोपेड सवार वृद्ध को टक्कर मार दी। पुलिस ने आरोपी ट्रैक्टर को जब्त कर लिया है, जिसमें अवैध रूप से रेत भरी होने की बात सामने आई है। मृतक की पहचान भटिया टोला नरसिंहपुर निवासी 60 वर्षीय शोभाराम पिता मद्धूलाल कोरी के रूप में हुई है। जब वे पंचमुखी हनुमान मंदिर के पास भटिया टोला की ओर मुड़ रहे थे, तभी सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उन्हें टक्कर मार दी। तुरंत मृतक के परिजनों को सूचना दी। परिजन मौके पर पहुंचे और एम्बुलेंस की मदद से शव को जिला अस्पताल ले जाया गया। कोतवाली पुलिस ने अस्पताल में शव का पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम कराया और शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंच गई थी। जिस ट्रैक्टर-ट्रॉली से यह दुर्घटना हुई है, उसे पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। ट्रॉली में रेत भरी हुई थी। मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।




## खबर संक्षेप

### भागवत कथा आज से

नरसिंहपुर। समीपी ग्राम डांगीढाना में स्व. आदित्य लोधी की पुण्य स्मृति में श्रीमद् भागवत कथा एवं ज्ञान यज्ञ का आयोजन 26 जून से 1 जुलाई तक किया जा रहा है। कथा व्यास पं. श्री बिपिन बिहारी साथी जी महाराज द्वारा अपने मुखारविंद से भगवान की लीलाओं का रसपान कराया जावेगा। आयोजक नारायण प्रसाद पटेल, सुदीश पटेल, आदर्श पटेल द्वारा सभी से धर्म लाभ लेने की अपील की गई है।

### विनोद मेहरा जिला महामंत्री नियुक्त



नरसिंहपुर। भारतीय जनता पार्टी मध्यप्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के निर्देशानुसार एवं भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा मध्यप्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष भगवान सिंह परमार व जिला भाजपा अध्यक्ष रामस्नेही पाठक की सहमति से जिला नरसिंहपुर के जिला महामंत्री की घोषणा की गई जिसमें नवनियुक्त विनोद मेहरा को जिला महामंत्री बनाया गया है। श्री मेहरा की इस नियुक्ति पर उनके इष्ट मित्रों शुभचिंतकों ने उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

### महिलाओं को मिलेगी बेहतर स्वास्थ्य सुविधा

गोटेगांव। शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोटेगांव में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. निष्ठा अग्रवाल (एमएस सर्जन, गोल्ड मेडलिस्ट) की पदस्थापना की गई है। इससे क्षेत्र की महिलाओं एवं प्रसूताओं को उपचार के लिए बड़े शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा। स्थानीय नागरिकों के अनुसार करीब एक दशक बाद अस्पताल को स्त्री रोग विशेषज्ञ की सुविधा मिली है। इसे प्रदेश के कैबिनेट मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल के प्रयासों का परिणाम बताया जा रहा है।सीएमएचओ डॉ. मनीष कुमार मिश्रा ने बताया कि शीघ्र ही अस्पताल में ऑपरेशन थियेटर प्रारंभ किया जाएगा, जिससे सीजर ऑपरेशन की सुविधा भी उपलब्ध हो सकेगी। इससे मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाएं और मजबूत होंगी।

### 12.5 ग्राम स्मैक के साथ आरोपी गिरफ्तार



नरसिंहपुर। गत दिवस थाना कोतवाली पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए से 12.5 ग्राम स्मैक के साथ आरोपी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस द्वारा भ्रमण एवं संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग के दौरान मुशरान वन, मंदिर के पास एक व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में दिखाई दिया, जो पुलिस टीम को देखकर भागने लगा। संदेह होने पर पुलिस टीम द्वारा तत्काल उसका पीछा कर प्रभावी घेराबंदी करते हुए आरोपी को पकड़ा गया। तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से अवैध मादक पदार्थ स्मैक बरामद हुई। पुलिस ने अनूप जाटव पिता भरत जाटव, उम्र 20 वर्ष, निवासी झिरना, पावर हाउस के सामने नरसिंहपुर से 12.5 ग्राम अवैध स्मैक (अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत 1.2 लाख अनुमानित) बताई गई। आरोपी के विरूद्ध थाना कोतवाली में एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया।

### पीड़ति पति ने पुलिस अधीक्षक से लगाई गुहार



नरसिंहपुर। गत दिवस समीपी ग्राम सिंहपुर बड़ा के रहने वाले पुरुषोत्तम चैधरी ने अपनी पत्नी ज्योति चैधरी के गायब होने और अपहरण को लेकर एसपी को आवेदन सौंपा। मंगलवार को पीड़ति पति ने आरोप लगाया है कि कुछ लोग उनकी पत्नी को जबरन अपने साथ उठा ले गए हैं। पुरुषोत्तम चैधरी ने बताया कि उनकी पत्नी ज्योति 19 जून 2026 की रात करीब 1 से 3 बजे के बीच अचानक घर से लापता हो गईं। उन्होंने नांदिया बिलेहरा के रहने वाले दीपक चैधरी और उसके कुछ दोस्तों पर पत्नी का जबरन अपहरण करने का सीधा आरोप लगाया है। पुरुषोत्तम का कहना है कि दीपक चैधरी काफी समय से उनकी पत्नी के संपर्क में था और सोशल मीडिया के जरिए उसे लगातार परेशान कर रहा था। शिकायत के मुताबिक, ज्योति चैधरी जब घर से गईं, तो अपने साथ करीब 10 हजार रुपए नकद और कुछ सोने-चांदी के जेवरात भी ले गई है। इस घटना के बाद से दंपति के दो छोटे बच्चे, जिनकी उम्र महज 3 साल और 5 साल है, अपनी मां के लिए रो-रोकर परेशान हैं। पीड़ति पति का आरोप है कि जब उन्होंने इस बात का पता लगाने के लिए आरोपी दीपक के परिवार वालों से बात करने की कोशिश की, तो उन्होंने कोई मदद नहीं की और आरोपी पक्ष के लोग अब पुरुषोत्तम को पुलिस में शिकायत करने पर झूठे मामलों में फंसाने की धमकी दे रहे हैं।

## एक माह की नाट्य कार्यशाला का शुभारंभ



नरसिंहपुर। गत दिवस विद्यार्थियों के अभिनय-कौशल, सृजनात्मकता एवं सांस्कृतिक चेतना का विकास करने के उद्देश्य से रंग सरोकार नाट्य समिति एवं एम. आई. एम. टी. कॉलेज के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित मध्यप्रदेश स्कूल ऑफ ड्रामा प्रस्तुति परक अभिनय नाट्य कार्यशाला का आयोजन दिनांक 23 जून से 18 जुलाई 2026 तक एम.आई.एम.टी. कॉलेज नरसिंहपुर में किया जा रहा है। मुख्य अतिथि इंजी रूद्रेश तिवारी ने रंगमंच को व्यक्तित्व निखारने की कला बताया तथा जिले की प्रतिभा को प्रोत्साहित करते हुए रंगमंचीय विधाओं से जुड़ने की बात पर बल दिया। कार्यक्रम अध्यक्ष प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार गर्ग ने रंगमंचीय जीवन शैली एवं नाट्य विधा के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। विशिष्ट अतिथि जगदीश नेमा, वरिष्ट रंगकर्मी ने अभिनय विधा को समाज का दर्पण एवं व्यंग्य प्रस्तुत करने का सशक्त माध्यम निरूपित किया। कार्यशाला के निर्देशक वरुण शर्मा द्वारा स्वागत भाषण में अतिथियों का स्वागत एवं कार्यशाला की कार्ययोजना प्रशिक्षण एवं प्रस्तुति जैसी आवश्यक जानकारी सदन को साझा की गई। कार्यक्रम का संचालन सांस्कृतिक प्रभारी मेजर डॉ. पराग नेमा एवं आभार वरिष्ट रंगकर्मी पुनीत त्रिवेदी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ट चित्रकार एवं साहित्यकार श्रीमती दीप्ति कुशवाह एवं प्राध्यापक एवं कवि डॉ. गनेश कुमार सोनी, सुश्री गीतिका देवदास, इंजी. के.के. सोनी, डायरेक्टर एम.आई.एम.टी. लॉ कॉलेज एड. रचित तिवारी, संजय लुरेले, तरुण सोनी, कु. अंजली सोनी, अंकित गोस्वामी, उपप्राचार्य डॉ. एस.एन. राव, श्रीमती अनीता रघुवंषी, डॉ. दीपिका शर्मा, जी.डी. उमरे सहित स्टॉफ मेम्बर्स एवं कार्यशाला प्रतिभागी छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रहीं।

## कलेक्टर की अदालत में पहुंचे 75 आवेदनकई प्रकरणों का मौके पर ही हुआ निराकरण

गोटेगांव।



कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को जनपद पंचायत गोटेगांव के सभागार में अनुभाग स्तरीय जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में विभिन्न समस्याओं एवं शिकायतों से संबंधित कुल 75 आवेदन प्राप्त हुए।कलेक्टर ने कई मामलों का मौके पर ही निराकरण किया, जबकि शेष आवेदनों के समयबद्ध समाधान के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया। इस अवसर पर एसडीएम श्रीमती संघमित्रा गौतम, जनपद सीईओ सुश्री दीक्षा जैन, एसडीओपी मनीष त्रिपाठी, बीएमओ डॉ. एस.एस. धुर्वे सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### कलेक्टर से सरकारी भूमि की नपती कर अतिक्रमण हटाने की मांग

गोटेगांव। शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोटेगांव की निर्माणाधीन बाउंड्रीवाल की भूमि पर अतिक्रमण किए जाने का मामला सामने आया है। मेन रोड निवासी अनिल कुमार जैन ने जिला कलेक्टर नरसिंहपुर को आवेदन देकर अस्पताल की भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग की है।आवेदन में आरोप लगाया गया है कि एक व्यक्ति द्वारा बाउंड्रीवाल के लिए निर्धारित भूमि पर कब्जा कर लिया गया है तथा इस ओर ठेकेदार एवं प्रशासन का ध्यान नहीं है। उन्होंने अस्पताल की संपूर्ण भूमि की नपती कराकर अतिक्रमण हटाने और दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। स्थानीय नागरिकों ने भी प्रशासन से समय रहते हस्तक्षेप की अपेक्षा जताई है।



### जनसुनवाई में आए 75 आवेदन

नरसिंहपुर। कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह की अध्यक्षता में जनपद पंचायत गोटेगांव में मंगलवार को अनुभाग स्तरीय जनसुनवाई सम्पन्न हुई। जनसुनवाई में नागरिकों ने विभिन्न समस्याओं एवं शिकायतों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। जनसुनवाई के दौरान कुल 75 आवेदन प्राप्त हुए, जिन पर कलेक्टर श्रीमती सिंह ने सुनवाई करते हुए कई प्रकरणों का मौके पर ही निराकरण किया। शेष आवेदनों के त्वरित एवं समयबद्ध निराकरण करने के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। कलेक्टर श्रीमती सिंह ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण सुनिश्चित किया जाए तथा आमजन को अनावश्यक रूप से परेशान न होना पड़े। खंड स्तरीय आयोजित जनसुनवाई में एसडीएम गोटेगांव श्रीमती संघमित्रा गौतम सहित जिला एवं विकासखंड स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि जिले के दूरस्थ एवं ग्रामीण क्षेत्रों के नागरिकों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए जिला मुख्यालय तक लंबी दूरी तय न करनी पड़े, इस उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा अनुभाग स्तर पर जनसुनवाई का आयोजन किया जा रहा है। इससे स्थानीय स्तर पर ही नागरिकों की समस्याओं का प्रभावी निराकरण सुनिश्चित हो रहा है।

### बकरी बेचकर पैसे बंटवारे विवाद के चलते भाई ने की भाई की हत्या तीन आरोपी गिरफ्तार

तेंदूखेड़ा। विगत दिवस समीपी ग्राम बरकुंडा में एक हरिजन मेहतर परिवार में बकरी बेचकर उसके पैसे बंटवारे का विवाद इतना बढ़ गया है भाई भाई जान के दुश्मन बन गये। हमारे प्रतिनिधि को मिली जानकारी के अनुसार घटना सोमवार की रात्रि की है।गांव के ही हीरालाल पिता रघुवीर मेहतर उम्र 35 साल का उसके ही भाई विनोद एवं दो अन्य चाचा के लड़के कमलेश और संतोष मेहतर से बकरी बेचकर आये थे जिसका बंटवारा किया जा रहा था कि अचानक किसी बात को लेकर बात बढ़ गई और मारपीट होने लगी। जिसमें हीरालाल पर पास में ही पड़े एक लकड़ी के डंडे से हुये प्रहार के चलते वह जमीन पर गिर गया और मृत हो गया बीच बचाव में मृतक की पत्नी और मां को भी हल्की फुल्की चोटें आई हैं।घटना की जानकारी लगते ही पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया और न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया तथा मृतक का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया है। तीनों आरोपियों पर बीएनएस की धारा 296 103 115 तथा 3-5 के तहत मामला विवेचना में लिया है।

## व्यापारियों ने सौंपा ज्ञापन, रखी मांग

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।




प्रदेश सरकार द्वारा कृषि उपज मंडी शुल्क को 1 प्रतिशत से बढ़ाकर 1.5 प्रतिशत किया गया। जिसके विरोध में मंगलवार को जिलेभर के व्यापारियों ने प्रदर्शन किया। व्यापारियों ने जिला पंचायत सीईओ गजेंद्र नागेश को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया। जबकि करेली में ग्रेन मर्चेंट एसोसिएशन ने मंडी बंद रखकर तहसीलदार परसनाथ मिश्रा को ज्ञापन दिया। नरसिंहपुर में ग्रेन मर्चेंट एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने जिला पंचायत सीईओ गजेंद्र नागेश को सौंपे ज्ञापन में मंडी शुल्क वृद्धि को किसान एवं व्यापारी विरोधी निर्णय बताया। उन्होंने तर्क दिया कि वर्तमान आर्थिक परिस्थितियों, बढ़ती महंगाई और कृषि उत्पादों के घटते दामों के बीच यह वृद्धि किसानों, व्यापारियों और कृषि आधारित उद्योगों पर अतिरिक्त बोझ डालेगी। व्यापारियों ने शासन से इस निर्णय पर पुनर्विचार कर इसे तत्काल वापस लेने की मांग की। वहीं, करेली में ग्रेन मर्चेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष ताराचंद शाह के नेतृत्व में व्यापारियों ने मंडी बंद रख कर डॉ. मोहन यादव के नाम तहसीलदार परसनाथ मिश्रा को ज्ञापन दिया गया। व्यापारियों ने कहा कि डीजल, पेट्रोल, खाद, बीज और अन्य कृषि आदानों की बढ़ती कीमतों के बीच मंडी शुल्क में 0.50 प्रतिशत की वृद्धि कृषि व्यापार और किसानों दोनों के लिए नुकसानदायक साबित होगी। ज्ञापन में भी उल्लेख किया गया कि मंडी शुल्क बढ़ने से कृषि उपज के व्यापार पर अतिरिक्त आर्थिक भार पड़ेगा। इससे किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिलने पर असर होगा और प्रदेश के व्यापारियों की अन्य राज्यों के व्यापारियों से प्रतिस्पर्धा करने की क्षमता कमजोर पड़ेगी। व्यापारियों ने शासन से किसान एवं व्यापारी हितों को ध्यान में रखते हुए मंडी शुल्क वृद्धि का निर्णय तत्काल वापस लेने की मांग दोहराई।

## स्कार्पियो का अगले चाक का टायर फटने से गाड़ी 10 फुट ऊंची उछली

# एक व्यक्ति को सिर में गंभीर चोटें

तेंदूखेड़ा



मंगलवार के अलसुबह भोपाल से रीवा जा रही स्कार्पियो गाड़ी क्रमांक एमपी 09 सीटी 6694 का भोपाल जबलपुर सड़क मार्ग पर तेंदूखेड़ा के नवीन पार्श्वनाथ भगवान जैन मंदिर के सामने तरफ अचानक अगला पहिया फट जाने के कारण स्कार्पियो असंतुलित होकर लगभग 10फुट ऊंची हवा में उछल कर लहराते हुए जमीन पर पलट गई जिसमें सवार लोगों में से एक को सिर में गंभीर चोटें आई हैं तथा शेष लोगों को भी छुट पुट चोटें आई हैं। घायलों को तत्काल प्राथमिक उपचार हेतु तेंदूखेड़ा अस्पताल भेजा गया है। जहां से गंभीर पीड़ितों को नरसिंहपुर रिफर किया गया। जिसमें राजेश पिता रामनिहोर साकेत उम्र 50 साल निवासी ग्राम कटकी तहसील सिरमौर जिला रीवा भूरी बाई पति रामनाथ साकेत उम्र 70 साल निवासी ग्राम पुरैनी तहसील हुजूर जिला रीवा सुषमा पति राजेश साकेत उम्र 45 साल ग्राम कटकी विमला पति रामनरेश साकेत उम्र 40साल ग्राम रायपुर नोढिया जिला रीवा कु रितिका शालिगराम साकेत उम्र 07 साल निवासी बीरखाम तहसील सिमरिया जिला रीवा प्रमुख रुप से शामिल हैं। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि घटना सुबह लगभग सात साढ़े सात बजे के आसपास की है। भोपाल तरफ से स्कार्पियो चली आ रही थी कि अचानक जोर की आवाज आई और गाड़ी ऊंची हवा में उछलती हुई पलट गई चीत्कार मच गई।सुबह सुबह घूमने वाले लोगों आसपास रहवासियों ने मदद करते हुए। पुलिस और एम्बुलेंस बाहन सेवा से नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया।

# महादेव वार्ड में नाली निर्माण पर उठे सवाल, रहवासियों ने सौंपा ज्ञापन

करेली न्यूज।

नगर के महादेव वार्ड में चल रहे नाली निर्माण कार्य को लेकर रहवासियों में भारी नाराजगी देखने को मिल रही है। स्थानीय लोगों ने नाली निर्माण में अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए नगरपालिका को ज्ञापन सौंपकर कार्य की जांच एवं सुधार की मांग की है। रहवासियों का कहना है कि पुरानी चालू नाली को तोड़कर नई नाली का निर्माण कराया जा रहा है, लेकिन निर्माण कार्य शुरू होने के बाद से वार्डवासियों की समस्याएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। निर्माण के दौरान खुदाई में कई घरों के पेयजल कनेक्शन क्षतिग्रस्त हो गए थे, जिससे भीषण गर्मी में लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। अब जल कनेक्शन की समस्या से राहत मिली ही थी कि घरों के निस्तारी एवं सीवेज पाइप बंद होने की नई समस्या सामने आ गई है।ढाल उल्टा करने से समस्या बढ़ीस्थानीय लोगों के अनुसार पूर्व में नाली का ढाल पूर्व से पश्चिम दिशा की ओर था, जिससे पानी की निकासी सुचारू रूप से होती थी। आरोप है कि नई नाली निर्माण में ढाल विपरीत दिशा में बना दिए जाने से कई घरों के सीवेज कनेक्शन प्रभावित हो गए हैं। इससे वार्ड के हेमंत चैधरी, मनोहर मालवीय, प्रमोद चैधरी के कनेक्शन बन्द होने की समस्या उत्पन्न हो गईं है। जिससे अब घरों में गंदा पानी वापस भरने और जलभराव की स्थिति बनने का खतरा बढ़ गया है। वही नपा के अधिकारियों ने निर्माण के पूर्व नाली खुदाई के लिये अलग चिन्ह लगाए थे बाद में उसी स्थान पर उल्टे ढाल के निशान लगा दिए है जिससे निर्माण में गड़बड़ी आ गई है और विपरीत दिशा में नाली का ढाल हो गया है।सुनवाई नही होने हेल्पलाइन व शिकायत कीरहवासियों में कि उन्होंने समस्या से वार्ड पार्षद एवं नगरपालिका के मुख्य नगरपालिका अधिकारी को भी अवगत कराया, लेकिन समय पर सुधारात्मक कार्रवाई नहीं होने के कारण मजबूरन मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में शिकायत दर्ज करानी पड़ी। साथ ही नगरपालिका कार्यालय में भी नाली के ढाल एवं निर्माण संबंधी अन्य अनियमितताओं को लेकर वार्ड के हेमंत चैधरी, विमला सेन, लक्ष्मी बाई,कमलेश मेहरा, अमर सिंह चैधरी मनोहर विष्वकर्मा प्रमोद चैधरी, रमेश चैधरी, रश्मी सोनी, राधा बाई, राजेन्द्र सेनसहित अन्य लोगो ने लिखित शिकायत भी की है। नाली की चैड़ाई और निर्माण शैली पर भी सवालस्थानीय नागरिकों ने ठेकेदार की कार्यप्रणाली और नगरपालिका की निगरानी व्यवस्था पर भी सवाल खड़े किए हैं। उनका कहना है कि एक ओर नाली का गलत ढाल विवाद का कारण बना हुआ है, वहीं दूसरी ओर नाली का निर्माण कई स्थानों पर सर्पाकार आकार में किया गया है। इसके अलावा नाली की चैड़ाई भी जगह-जगह अलग-अलग दिखाई दे रही है। कहीं नाली एक से डेढ़ फीट चैड़ी है तो कहीं मात्र आधा फीट चैड़ी बनाई गई है। मौके पर अभी दोनो तरफ ढाल देने चिन्ह कार्यप्रणाली पर प्रश्न चिन्ह लगा रही है वही वार्ड के लोग महज दो घरों को लाभ पहुचाने का आरोप भी लगा रहे है।जलभराव व सफाई की समस्या भी बनेगीरहवासियों का आरोप है कि इस प्रकार का असमान निर्माण भविष्य में जल निकासी और सफाई व्यवस्था के लिए परेशानी का कारण बन सकता है। लोगों का कहना है कि यदि पूरी नाली एक समान मापदंड के अनुसार बनाई जाए तो न केवल विवाद की स्थिति समाप्त होगी, बल्कि भविष्य में सफाई कार्य भी सुगमता से किया जा सकेगा। वही वार्ड पार्षद के पुत्र सुनील सोनी ने समस्या को देखकर नाली के ढाल को पूर्व के अनुसार ही करने के लिये नाली के वेस में बदलाब की सहमति जताई है वही वार्डवासियों ने नाली निर्माण कार्य की तकनीकी जांच कराकर दोषियों पर कार्रवाई तथा निर्माण में आवश्यक सुधार कराने की मांग की है।





